# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.07.2025 समय : 1850

**<><><><><><><>**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न श्रेणियों में 78 स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान किए। इंदौर को लगातार आठवें वर्ष सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार, सूरत दूसरे स्थान पर।
- गृहमंत्री अमित शाह ने कहा–अट्ठानब्बे प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता की सक्रिय भूमिका है।
- मुख्य सचिव ने भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के लिए कहा कि वह शिक्षण समुदाय के लिए प्रशंसनीय कार्य कर रहा है।
- इग्नू ने सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए प्रवेश की तिथि इक्कतीस जुलाई तक बढ़ा दी है।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न श्रेणियों में अट्ठहत्तर स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान किए। इंदौर को लगातार आठवें वर्ष सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार, सूरत दूसरे स्थान पर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस–पच्चीस के नौवें संस्करण के पुरस्कार आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छता विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के दृष्टिकोण का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने देशवासियों से देश को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए आगे आने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि दो हजार पच्चीस में देश स्वच्छता और आस्था का अद्भुत संगम देखेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि अक्सर हम जिन चीजों को अपशिष्ट समझते हैं, वो मूल्यवान होती हैं। मध्यप्रदेश के इंदौर ने लगातार आठवें वर्ष सबसे स्वच्छ शहर का खिताब बरकरार रखा है। सूरत दूसरे स्थान पर रहा, जबकि नवी मुंबई को तीसरे स्थान हासिल हुआ। तीन से दस लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में, नोएडा सबसे स्वच्छ शहर रहा, उसके बाद चंडीगढ़ और मैसूर का स्थान रहा। दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में अहमदाबाद को पहला स्थान मिला। इस कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न श्रेणियों में कुल अट्ठहत्तर पुरस्कार प्रदान किए गए। इस वर्ष, ये पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किए गए, जिनमें सुपर स्वच्छ लीग शहर और पाँच विभिन्न जनसंख्या श्रेणियों में शीर्ष तीन सबसे स्वच्छ शहर शामिल हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री बिहार के मोतीहारी में सात हजार करोड़ रूपए से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी कल ही पश्चिम बंगाल में भी पांच हजार करोड़ रूपए से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे।

<><><><><><><>

गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राजस्थान में जयपुर के पास आयोजित सहकारिता तथा रोजगार उत्सव में शामिल हुए। उन्होंने श्रीअन्न के प्रोत्साहन के लिए विश्व की सबसे बडी अनाज भंडारण योजना के अंतर्गत निर्मित चौबीस गोदामों और चौंसठ मोटे अनाज के विक्रय केंद्रों का भी उदघाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि अट्ठानब्बे प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिताओं की सक्रिय भूमिका है। आठ लाख पचास हजार कॉर्पोरेटिव के माध्यम से इक्कतीस करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हैं और नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की। चार साल के अंदर हमने इकसठ इनिशियेटिव के माध्यम से सहकारिता को मजबूत करने का काम किया है। दो लाख नए पैक्स बनाने का काम शुरू हो गया है, उसमें से चालीस हजार पैक्स बना लिए गए हैं।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के शिक्षकों के लिए जीवन गतिविधियों के बारे में जागरूकता और संवर्धन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन आज से भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के सभागार, श्री विजयपुरम् में शुरू हुआ। मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कहा कि भारतीय प्राणी सर्वेक्षण शिक्षण समुदायों के लिए नियमित कार्य करके प्रशंसनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने जैव विविधता संरक्षण में प्रौद्योगिकी, समावेशी शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। दूरदराज के क्षेत्रों सहित द्वीप समूह के सभी हिस्सों के शिक्षकों को पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रमों में भाग लेने के समान अवसर दिए जाने चाहिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के साथ साझा किए जाने वाले पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों के एक कैलेंडर के विकास का प्रस्ताव रखा, जिससे स्कूलों को पूरे शैक्षणिक वर्ष में

जैव विविधता से संबंधित विषयों को व्यवस्थित रूप से एकीकृत करने में मदद मिलेगी। मुख्य सचिव ने इन पहलों में वरिष्ठ स्कूली छात्रों को शामिल करने का सुझाव दिया, मुख्य सचिव ने रेचल कार्सन द्वारा लिखित पुस्तक साइलेंट स्प्रिंग का भी उल्लेख किया, जो इस बात पर ज़ोर देती है कि कैसे एक आवाज़ ने आधुनिक पर्यावरण को जन्म दिया। उन्होंने एक परिवर्तनकारी पर्यावरणीय प्रयोग की कहानी भी साझा की। सत्र की शुरुआत प्रभारी अधिकारी एवं पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. सी. शिवपेरुमन के स्वागत भाषण से हुई। दक्षिण अंडमान के 15 विभिन्न विद्यालयों के कुल 27 शिक्षक कार्यशाला में भाग ले रहे।

**<><><><><><><>**

इग्नू ने अपने सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए जुलाई दो हजार पच्चीस सत्र के लिए प्रवेश की तिथि इक्कतीस जुलाई तक बढ़ा दी है। इग्नू ने अगले वर्ष के लिए पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि भी इक्कतीस जुलाई तक बढ़ा दी है। इग्नू में प्रवेश और पुनः पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है। छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर छात्र सेवा प्रवेश अनुभाग पर जा सकते हैं और नए प्रवेश और पुनः पंजीकरण शुरू कर सकते हैं। यदि किसी शिक्षार्थी को ऑनलाइन फॉर्म भरने में किसी भी तरह की कठिनाई का सामना करना पड़ता है, तो इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, से संपर्क कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित अंतरिम व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत जल्द पूरी हो सकती है। श्री ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत सकारात्मक माहौल में चल रही है और प्रस्तावित समझौता अमरीकी कंपनियों को अमरीका और इंडोनेशिया के बीच हुए व्यापार समझौते के अनुरूप भारतीय बाज़ार में बेहतर पहुँच प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि अमरीका को इंडोनेशिया में पूरी पहुँच मिली हुई है और भारत भी इसी दिशा में काम कर रहा है।

**<><><><><><><>**